उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 23.05.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों, बस स्टैण्ड में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 23.05.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद की पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु व्यापक अभियान चलाया गया।

जनपद के समस्त थानाक्षेत्रों में पुलिस बल द्वारा बैंकों का गहन निरीक्षण किया गया, जिसमें बैंक परिसर में लगे सुरक्षा उपकरणों अग्निशामक यंत्र, अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे आदि की कार्यशीलता की जाँच की गई। बैंक के आस-पास खड़े संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की भी सघन चेकिंग की गई।

इसके अतिरिक्त बस स्टैण्ड क्षेत्र में गश्त करते हुए विभिन्न बसों एवं ऑटो वाहनों की तलाशी ली गई एवं संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर आवश्यक पूछताछ की गई। यात्रियों से संवाद स्थापित करते हुए सुरक्षा संबंधी सुझाव लिए गए एवं उन्हें सतर्क रहने की सलाह दी गई।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो एवं आमजन में सुरक्षा का विश्वास सुदृढ़ हो।

जनपद पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें तथा शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करें।

इसी क्रम में आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



## थाना कबरई की पुलिस टीम ने
## 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक-22.05.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित व0उ0नि0 मलखान सिंह मय हमराह हे0कां0 संदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 242/24 धारा 409/420/467/468/471 भादवि0 से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त अमित कुमार निगम पुत्र स्व0 अशोक कुमार उम्र करीब 35 वर्ष निवासी 631/231 इस्माइल गंज थाना इंद्रानगर जनपद लखनऊ कमिश्नरेट उ0प्र0 को बांदा तिराहा कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. व0उ0नि0 मलखान सिंह
2. हे0कां0 संदीप कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त-

अमित कुमार निगम पुत्र स्व0 अशोक कुमार उम्र करीब 35 वर्ष निवासी 631/231 इस्माइल गंज थाना इंद्रानगर जनपद लखनऊ कमिश्नरेट उ0प्र0



## थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम ने 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक-23.05.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित उ0नि0 गौरव चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 233/2025 धारा 105/115(2)/352/351(2)/281/106(1) बीएनएस से सम्बन्धित 02 नफर वाँछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.गुलाब सिंह पुत्र स्व0 देवीदीन उम्र 32 वर्ष निवासी पतीबरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा 2.जानकी पत्नी गुलाब सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी पतीबरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को कीरत सागर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.गुलाब सिंह पुत्र स्व0 देवीदीन उम्र 32 वर्ष निवासी पतीबरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

2.जानकी पत्नी गुलाब सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी पतीबरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 गौरव चौबे चौकी इन्चार्ज सुभाष थाना कोतवाली नगर महोबा

2. उ0नि0 शिवांगी प्रजापति

3. कां0 अजय मिश्रा



## आरक्षी रोहित यादव की ईमानदारी बनी मिसाल, रास्ते में गिरे ₹5000 लौटाकर जीता बुजुर्ग का दिल"

आज दिनांक: 23.05.2025 को जनपद महोबा की यातायात पुलिस टीम में तैनात आरक्षी रोहित यादव ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

आरक्षी रोहित यादव जब यातायात कार्यालय की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि उनके आगे चल रहे एक ई-रिक्शा में सवार बुजुर्ग व्यक्ति की जेब से ₹5000 की धनराशि सड़क पर गिर गई। इस पर उन्होंने तत्परता दिखाते हुए ई-रिक्शा को रुकवाया और गिरी हुई राशि को सुरक्षित रूप से बुजुर्ग व्यक्ति को वापस लौटाया।

बुजुर्ग व्यक्ति ने अपने पैसे वापस मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए आरक्षी रोहित यादव के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया है।

